हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

04 दूसरे चरण का मतदान आज, टीकमगढ़ से सात प्रत्याशी ...



05 जलालपुरा चैकिंग नाके पर दो लोगों से एक लाख ...





## खबर संक्षेप



### 21 कुंडीय श्रीराम नाम महायज्ञ 9 मई से

**गढाकोटा।** 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा व रामलीला का आयोजन काटखेर ग्राम माधो में 9 मई से 17 मई तक किया जावेगा। जिसमे रामकथा के साथ रामलीला का मंचन भी किया जावेगा । राष्ट्रीय संत श्री अनुराग दास जी महाराज सीताराम धाम हरिद्वार द्वारा रामकथा का सुनाई जावेगी । प्रतिदिन महायज्ञ रोजाना सुबह 8 बजे से 1 बजे तक होगा राम कथा 3 बजे से 6 बजे तक एवं रामलीला रात 8 बजे से आयोजित होगी । समापन एवं भंडारा 17 मई दोपहर 12 बजे से होगा ।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन बिल का भुगतान माह की एक तारीख तक करें

**सागर।** जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन देयकों को प्रत्येक माह की एक तारीख को भुगतान के लिए आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा कोषालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं है। समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि प्रत्येक माह की एक तारीख तक अनिवार्य रूप से वेतन देयक जिला कोषालय में प्रस्तुत करें।

### डाक मतपत्र से मतदान कराये जाने के लिए सुविधा केन्द्र

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचन डयूटी में संलग्न पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का डाक मतपत्र से मतदान कराये जाने के लिए लोकसभा क्षेत्र सागर-5 के सेगमेंट में आने वाले विधानसभा क्षेत्र बीना, खुरई, सुरखी, नरयावली एवं सागर के लिए शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सुविधा केन्द्र का संचालन 29, 30 अप्रैल एवं 1 मई प्रातः 11 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा।

### 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 14 मई से

**सागर।** खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का 14 मई से खेल परिसर सागर में 15 खेलों में किया जा रहा है। जिसमें 08 वर्ष से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के बालक/बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते है। खिलाड़ी अपना पंजीयन कार्यालयीन समय में खेल परिसर सागर में करा सकते है। अथवा शिविर के विभिन्न खेलों के प्रषिक्षक से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते है।

### मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में शासकीय सेवक उपयोग कर सकेंगे मोबाइल

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड़ में रखना होगा। ये लोग मोबाइल का उपयोग नहीं कर सकेंगे। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिये मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे ।

---

## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में हुआ सामग्री का वितरण

# चाक चौबंद व्यवस्था के बीच हुआ मतदान सामग्री का वितरण शाम तक अपने मतदान केंद्र पहुंच चुके मतदान दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



दमोह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आज होने वाले मतदान के मद्देनजर आज गुरुवार की सुबह शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज से मतदान दलों को चाक-चौबंद वयवस्था और कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सामग्री का वितरण किया गया। व्यवस्थायें इतनी बेहतर थीं कि तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे से मतदान दलों की रवानगी भी प्रारंभ हो गई थी। दोपहर 12 बजे के लगभग आसपास के मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का पहुंचना भी शुरू हो गया था और शाम होने तक सभी मतदान दल अपने मतदान केंद्र पहुँच चुके थे । कई मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का फूलमाला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया ।

मतदान सामग्री के साथ मतदान दलों को ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीन वितरित करने राजनैतिक दलों तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी की मौजूदगी में स्ट्रांगरूम खोले गये । ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित रखने एवं विधानसभावार बने स्ट्रांगरूम को खोले जाने के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रुपेश उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर अदिति यादव, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग, डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी, गगन बिसेन उपस्थित थे ।

कलेक्टर आर्य के निर्देशानुसार मतदान दलों को सामग्री का वितरण प्रातः 6 बजे से प्रारंभ हुआ था। सभी मतदान दल अधिकारी कर्मचारियों के दलों को परिसर में ही बनी पार्किंग व्यवस्था में उपलब्ध बसों के माध्यम से उनके मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। सागर जिले के तीन विधान सभाक्षेत्र जिनमें रहली देवरी बंडा मतदान दलों को शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम से सामग्री का वितरण किया गया । कलेक्टर दीपक आर्य स्वयं सामग्री वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखे हुये थे । उन्होंने सभी वितरण केंद्रों पर जाकर सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया । कलेक्टर दीपक आर्य के साथ पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी भी इस दौरान उनके साथ थे । कलेक्टर सामग्री वितरण के दौरान मतदान कर्मियों से भी रूबरू हुये, उनका हौसला बढ़ाया और सफलतापूर्वक मतदान कराने शुभकामनाएं दी । मतदान कर्मियों ने सामग्री वितरण व्यवस्था की तारीफ करते हुये कलेक्टर से कहा कि उनमें उत्साह का संचार हुआ है और मनोबल भी बढ़ा है । शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में में मतदान दलों को सामग्री वितरण करने विधानसभा वार बड़े-बड़े पण्डाल लगाये गये। मतदान दलों को मतदान सामग्री बांटने प्रत्येक मतदान केंद्र के लिये आवश्यक व्यवस्था की गई थी, ताकि मतदान कर्मी आराम से बैठकर मतदान सामग्री प्राप्त कर सकें और इत्मीनान से उसका मिलान कर सकें। मतदान दलों को आवंटित मतदान केंद्र का विवरण, दल क्रमांक, मतदान केंद्र का नाम और मतदान केंद्र क्रमांक की जानकारी प्रदर्शित करते दो या तीन बड़े-बड़े फ्लेक्स भी वितरण केंद्रों पर लगाये गये थे। इनके अलावा मतदान कर्मियों की सहायता के लिये हेल्पडेस्क भी स्थापित की गई थी। सामग्री वितरण स्थल पर चिकित्सा दल भी सभी आवश्यक दवाओं के साथ तैनात थे। मतदान दलों में नियुक्त कर्मचारियों और मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक पहुँचाने में इस्तेमाल किये जाने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को भी बेहतर तरीके से प्लान किया गया था, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न आये और आवाजाही में किसी को भी परेशानी न हों । मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुँचाने रुट निर्धारित किये गये हैं और इतनी ही छोटी-बड़ी बसों की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के द्वारा मतदान सामग्री वितरण स्थल पर समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की निर्देश दिए गए थे, जिसका आज अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी आर्य ने समस्त मतदान अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा भी की। चर्चा के दौरान सभी मतदान अधिकारी-कर्मचारी संतुष्ट नजर आए और उत्साहपूर्वक मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। मतदान सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री प्राप्त कर मिलान किया गया।




## सीएम राइज शासकीय स्कूल गढ़ाकोटा में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

**गढ़ाकोटा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष एवं अजय सिंह जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के दिशा-निर्देशन में सुश्री सोनल सिंह जादौन, व्यवहार न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा के मुख्य आतिथ्य में सीएम राईज शासकीय साबूलाल हायर सेकेण्डरी स्कूल गढाकोटा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश सुश्री सोनल सिंह जादौन ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में परिस्थितिया निरंतर परिवर्तित होती रहती है। हमारे जीवन में आने वाली विपरीत परिस्थितियों का हमें हिम्मत एवं साहस से डटकर सामना करना चाहिये तथा उन विपरीत परिस्थितियों से लड़कर सफलता प्राप्त करने के लिये सतत रूप से प्रयास करते रहना चाहिये। इसके साथ ही उन्होंने साधारण व सरल भाषा में विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से कानून से संबंधित विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा जमील कुरैशी ने जानकारी दी कि निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता योजना के माध्यम से आवश्यकता पड़ने पर पैरवी हेतु तहसील विधिक सेवा समिति के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने हेतु संपर्क कर सकते है। शिविर प्रभारी सचिन साहू ने बच्चों को भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का विस्तार पूर्वक विवरण देते हुये बताया कि हमें अपने संविधान का सम्मान करना चाहिये तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये अधिकार को प्राप्त करने के लिये हमेशा प्रयास करते रहना चाहिये। साथ ही स्थायी लोक अदालत/लोकोपयोगी सेवा लोक अदालत अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही अधिवक्ता राजेन्द्र चैबे, राजाराम कोरी, बहराम खान, डी.पी. लड़यिा ने भी कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकरी प्रदान की।

## मतदाता परिचय-पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है। मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी/मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटो ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा।

### एमसीएमसी के माध्यम से पैड न्यूज पर निगरानी

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय खर्चे पर नजर रखने का कार्य किया जा रहा है। एमसीएमसी कक्ष के माध्यम से पैड न्यूज पर विशेष नजर रखी जा रही है। कलेक्टेट के कक्ष क्रमांक 218 में संचालित एमसीएमसी में 24 घंटे सातो दिन निगरानी के लिए आठ-आठ घंटे के अंतराल के लिए अधिकारी, कर्मचारी दायित्वों का निर्वहन कर रहे है।मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानिटरिंग कमेटी के द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सागर और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 दमोह अंतर्गत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा घोषणा पत्रों में उल्लेखित सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो की आईडी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व प्रिन्ट मीडिया के साथ-साथ रेडियो व एफएम बैड पर जारी होने वाली प्रचार प्रसार सामग्री पर भी नजर रखी जा रही है साथ ही संबंधित रिटर्निंग आफीसर से प्रसारण पूर्व अनुमति प्राप्त की गई है कि नहीं पर भी निगरानी की जा रही है।

## विवाह करो या कन्यादान। उसके पहले करो मतदान।।

# शादी वाले घर-घर जाकर स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने मतदान करने के लिए दिए पीले चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



दमोह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने बाले विकासखण्ड, देवरी, केसली, रहली, बण्डा, शाहगढ़ में 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होना है चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन में लगातार अनेक गतिविधि आयोजित की जा रही है, स्वीप नोडल पी. सी. शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिन घरों में विवाह है वह भी सभी मतदान करे, मतदान के बाद विवाह उत्सव में भाग ले। इसके लिये राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों एव ग्राम संगठनों द्वारा कल के मतदान बाले क्षेत्रो में प्राथमिकता से विवाह आयोजन बाले घरों में जाकर सभी सदस्यो को व दूल्हा/दुल्हन को पीले चावल दिये व अपील की पहले मतदान फिर विवाहउत्सव मनाए।

जिला परियोजना प्रबंधक म. प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन प्रभाष मुड़ोतिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों एव उनके ग्राम संगठनों द्वारा जिले में सतत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, विवाह के कारण मतदान पर असर न पड़े इस लिये समूह सदस्यो ने आज सुबह से विवाह आयोजन बाले घरों में जाकर अपील की मतदान अवश्य करे, उन्हें पीले चावल देकर मतदान हेतु स्थानीय रीति अनुसार प्रेरित किया, समूह सदस्यो ने दुल्हन के परिवार जन से अपील की कि विवाह करो या कन्यादान, उसके पहलर करो मतदान ।। समूहों के द्वारा चलाये जा रहे इस प्रकार के अभियान से ग्रामीणों में मतदान हेतु उत्साह देखा जा रहा है।

## मतदान दल का द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल से

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल से एक मई तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय के आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समस्त सेक्टर अधिकारियों को उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होकर मतदान प्रकिया से संबंधित प्रशिक्षण लेने के लिए आदेशित किया गया है।विधानसभा क्षेत्र बीना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्र जैन उ.मा.वि. बस स्टैड सागर, खुरई के लिए शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय सागर, सुरखी के लिए शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर, नरयावली के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सागर एवं सागर क्षेत्र के लिए शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय, तिली को प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया है।




## केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के समाजशास्त्र विभाग में पंचायती राज दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**सागर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न संगोष्ठी का आयोजन समीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया। कार्यक्रम में विभागीय शिक्षक डॉक्टर शिवशंकर जेना ने पंचायती राज व्यवस्था के इतिहास एवं विकास पर चर्चा की। डॉक्टर जेना ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण और सामाजिक आर्थिक विकास की गति तेज हुई है। अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि भारत में पंचायती राज व्यवस्था का वर्तमान स्वरूप सत्ता के विकेंद्रीकरण और देश के विकास में सामाजिक सहभागिता को दर्शाता है। स्थानीय नेतृत्व और विकास के लिए अपनी-अपनी भूमिका का निर्वाह करने के साथ व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सौहार्द्र के साथ ही देश प्रेम और राष्ट्रीय विकास की भावना सबल होती।



## सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में संपन्न हुआ मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन

**सागर।** लोकसभा निर्वाचनके तहत कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में सागर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सागर एनआईसी कक्ष से रेंडमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर के सुरखी, बीना, खुरई, नरयावली, सागर एआरओ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उक्त प्रक्रिया में मतदान दलों का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के ईएमएस 2.0 पोर्टल के माध्यम से श्री प्रशांत करोले ने ऑनलाइन संपन्न कराई। शुरूआत में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा पूरी प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक चरण में जनप्रतिनिधियों द्वारा रैंडम रूप से चुने गये मतदान दलों के क्रम नोट किये गये।तत्पश्चात सामान्य प्रेक्षक की सहमति से प्रक्रिया को पूर्ण कर लॉक किया गया। फाइनल रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभावार रेण्डमाइजेशन की सूची पूरी की गई। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अंजली सेहरावत, कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी दीपक आर्य, अदिति यादव, गगन विसेन, भव्या त्रिपाठी, विजय कुलारा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।

## 5000 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान कराने में बनेंगे सहभागी

# दमोह संसदीय क्षेत्र बंडा, देवरी, रहली में आज होगा मतदान 7 लाख से अधिक मतदाता 846 मतदान केंद्र पर डालेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दमोह संसदीय क्षेत्र में शामिल सागर जिले के 3 विधानसभा क्षेत्र में आज 7 लाख से अधिक मतदाता 846 मतदान केन्द्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 846 मतदान केन्द्रों पर मतदान संपन्न कराने में 5000 से अधिक अधिकारी कर्मचारी अपनी सहभागिता पूर्ण करेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इसके पहले मॉक पोल भी करवाया जायेगा। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। सभी मतदान केन्द्रों पर भी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सीएपीएफ के जवान भी क्षेत्र में तैनात रहेंगे।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत 26 अप्रैल को दमोह संसदीय क्षेत्र-7 का निर्वाचन किया जाना है। जिसके अंतर्गत सागर जिले की तीन विधानसभा रहली, बंडा, देवरी के 7 लाख 14 हजार 145 मतदाता 846 मतदान केन्द्रों पर वोट डालेंगें। आर्य ने बताया कि दमोह लोकसभा क्षेत्र में सागर जिले के देवरी विधानसभा क्षेत्र में 255 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 64 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन हैं। 191 सामान्य तथा 43 मतदान केंद्र महिला-पुरुष मतदान अधिकारी कर्मचारी के द्वारा मतदान करने के लिए बनाए गए हैं। 8 मतदान केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे, जबकि 23 मतदान केन्द्रों पर सेक्टर ऑफिसर तैनात रहेंगे। इसी प्रकार पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 11 महिला मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। 192 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। 7 मतदान केन्द्रों की वीडियो ग्राफी कराई जाएगी। जबकि 30 मतदान केंद्र पर माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि देवरी के 255 मतदान केन्द्रों पर 114738 पुरुष मतदाता जबकि 10838 महिला मतदाता कुल 2 लाख 18 हजार 576 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार रहली विधानसभा क्षेत्र में 300 मतदान केंद्र हैं, जिसमें 89 क्रिटिकल मतदान केंद्र, एक वल्नरेबल मतदान केंद्र, 211 सामान्य मतदान केंद्र और 85 महिला पुरुष मतदान अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा मतदान करने के लिए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 7 मतदान केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। जबकि 29 मतदान केंद्र पर सेक्टर ऑफिसर तैनात रहेंगे। पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जबकि 15 महिला मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 225 मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की जाएगी। जबकि पांच मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी एवं 32 मतदान केन्द्रों पर माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया की रहली के 300 मतदान केन्द्रों पर एक लाख 28112 पुरुष, 116412 महिलाएवं दो अन्य कुल 244526 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कलेक्टर आर्य ने बताया कि इसी प्रकार 42 बंडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 291 मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। जिनमें 133524 पुरुष 117517 महिला एवं दो अन्य मतदाता कुल 2 लाख 51 हजार 43 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।

उन्होंने बताया कि 291 मतदान केन्द्रों में सी 64 क्रिटिकल मतदान केंद्र व दो वलनरेबल मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 227 सामान्य मतदान केंद्र, 60 महिला पुरुष मतदान अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा मतदान करने के लिए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सात मतदान केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे जबकि 26 मतदान केंद्र पर सेक्टर ऑफिसर तैनात रहेंगे। पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं जबकि 15 महिला मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 220 मतदान केन्द्रों पर बेव कास्टिंग की व्यवस्था की गई है एवं 35 मतदान केन्द्रों पर ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे।

# मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्टस अकादमी की सेलिंग विधा के लिये चयन ट्रायल 27 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मप्र राज्य वाटर स्पोर्टस अकादमी मध्य प्रदेश राज्य वाटर स्पोर्टस अकादमी, भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए वाटर स्पोर्टस अकादमी की सेलिंग विधा का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 22 अप्रैल से 23 मई 2024 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित किय जा रहा है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी सीताराम सात्या ने बताया कि वाटर स्पोर्टस की सेलिंग विधा के लिए राज्य वाटर स्पोर्टस अकादमी द्वारा जिला टीकमगढ़ में अमर शहीद नारायण दास खरे (गंजीखाना) स्टेडियम.में उक्त प्रतिभा चयन कार्यक्रम 27 अप्रैल को सायं 4 से 6 बजे तक अकादमी के प्रशिक्षक नरेद्र सिंह राजूपत, अनिल शर्मा एवं सहायोगी स्टाप की टीम द्वारा चयन ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान निर्धारित शारीरिक योग्यता पूर्ण करने वाले खिलाड़ियों का चयन भोपाल के लिए किया जाएगा। खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, मूल स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र की छाया प्रति लेकर उपस्थित हो सकते है। प्रतिभा चयन में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को आने-जाने का किराया, आवास, भोजन व्यवस्था स्वयं कराना होगी।

# आर्यिका माताजी का अतिशय क्षेत्र में हुआ आगमन, नपाध्यक्ष ने पाए पुण्य दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गणनी परम पूज्य 105 आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी एवं आर्यिकाश्री विश्वयशमतिजी का प्रथम बार बुंदेलखंड के सिद्ध क्षेत्र के लिए प्रभावना पूर्वक बिहार चल रहा है । अभी पपौराजी मे तीन-चार दिन विराजमान रह सकती है।

इस पावन अवसर पर परम पूज्य गणनीआर्यिकाश्री सृष्टि भूषण माताजी के दर्शनों के लिए नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक दर्शन के लिए गुरूवार को पपौरा जी शाम को पहुंचे। नगरपालिका अध्यक्ष ने अतिशय क्षेत्रपहुंच माताजी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया।



# साजिदा ने स्कूल में पाया प्रथम स्थान तो यशी भी रही स्कूल में अव्वल





**बम्हौरी बराना** । ग्राम के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के साथ ही एक प्राइवेट कोचिंग से अध्ययन करने वाली लाड़ली ने अपनी-अपनी परीक्षाओं में अधिकतम प्राप्त कर माता-पिता-गुरूजनों का नाम गौरवांवित किया है। इसके साथ ही भविष्य में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही।

ग्राम के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा यशी गौर पुत्री जाहर सिंह गौर निवासी रतनगुवां ने कक्षा 12 वीं विज्ञान समूह से 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया है। कु. यशी गौर ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया है। इसी के साथ ग्राम के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली लाड़ली साजिदा बानों ने कक्षा माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की परीक्षा को 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त करते हुए सफलता से उत्तीर्ण किया है। वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अपनी मौसी को दिया है। यहां आपको बता दें कि साजिदा की कि मां इस दुनिया में नहीं है और वह बिन मां की बच्ची है और वह अपनी शिक्षा अपनी मौसी के यहा प्राप्त कर रही है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक

# नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का हो निराकरण : प्रधान न्यायाधीश




**टीकमगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ हितेन्द्र सिंह सिसौदिया की अध्यक्षता में न्यायालय के सभाकक्ष में जिला मुख्यालय के न्यायाधीशगणों एवं बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगण को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक चर्चा के दौरान कहा कि न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक शमनीय मामले, चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दावा अधिकरण संबंधी मामले, विद्युत विवाद के प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरण, भू-अधिग्रहण संबंधी प्रकरण एवं समस्त प्रकार के सिविल प्रकरणों के साथ बैंक रिकवरी, नगर पालिका, जलकर, विद्युत संबंधी प्रीलिटीगेशन प्रकरणों का भी अधिक से अधिक निराकरण किया जाये। समस्त न्यायाधीशगण से नेशनल लोक अदालत में रैफर्ड प्रकरणों की एवं उनमें जारी नोटिस के संबधं में जानकारी ली एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने के संबंध में निर्देशित किया गया। बैठक में प्रधान न्यायाधीश, कुटुब न्यायालय शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश प्रवीणा व्यास, जिला न्यायाधीश मनोज कुमार, अनिल करौरिया, प्रणयदीप ठाकुर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वरूण पुनासे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सपना पोर्ते, न्यायिक मजिस्ट्रेट अरविन्द सिंह, प्रदीप सोनी, कविता संगम सिंह, संगम सिंह, मुदित लटौरिया, रिशु भगत, नूतन रावत, जया दीक्षित उपस्थित रहे।

**अधिवक्ताओं के साथ हुई बैठक में की गई चर्चा :**

साथ ही बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ भी बैठक की गई, जिसमें प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बीमा कंपनी एवं आवेदकगण के अधिवक्ता से एमएसीटी के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक एवं अन्य विषय पर चर्चा की गई। उपस्थित बीमा कंपनी के अधिवक्ता एवं आवेदक के अधिवक्तागण ने अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने के लिए आवश्यक सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वरूण पुनासे, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, बीमा कंपनी के अधिवक्ता हरीशचंद्र जैन, सरमन पुरोहित, अधिवक्ता रमेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, दानवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे ।

## बांटी मतदान सामग्री, वाहन किए रवाना, आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

# दूसरे चरण का मतदान आज, टीकमगढ़ से सात प्रत्याशी चुनावी मैदान में









हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की छह सीटों पर आज 26 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। जिसमें टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में भी इसी द्वितीय चरण के अंतर्गत मतदान होना है। प्रदेश की इन छह सीटों में चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों में कोई सात तो कोई चार बार से सांसद है।**





यहां आपको बता दें कि टीकमगढ़ लोकसभा सीट से कुल सात प्रत्याशी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे है। जिसमें से भाजपा के अनुभवी प्रत्याशी डॉ. वीरेन्द्र कुमार गत सात बार से सांसद के पद पर आसीन है और खास बात यह है कि टीकमगढ़ सीट से लगातार तीन बार जीत चुके है और चौथी बार वह चुनावी मैदान में हैं और अपनी सरकार सहित अपने द्वारा किए गए जनहितैषी कार्यों के फल के इंतजार में हैं।

देश में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा, जिसमें मध्यप्रदेश की छह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं। इन छह लोकसभा सीटों पर कुल 80 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लगातार सात बार से सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार और चार बार से सतना लोकसभा सीट जीतने वाले गणेश सिंह की सियासी साख दांव पर है। कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा भी लोकसभा के चुनावी समर में उतरे हैं।

**लोकसभा क्षेत्र टीकमगढ़ पर एक नजर**

टीकमगढ़ लोकसभा सीट पर दो निर्दलीय समेत कुल सात प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा ने डॉ. वीरेंद्र कुमार को टिकट दिया है। उनके सामने कांग्रेस से खुमान उर्फ पंकज अहिरवार उतरे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने अहिरवार दल्लूराम को पर भरोसा जताया है। भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार लगातार सात बार से सांसद हैं। खास बात यह है कि टीकमगढ़ सीट से लगातार तीन बार जीत चुके हैं और अब चौथी बार इसी सीट से चुनाव मैदान में हैं।

**सामग्री वितरण के लिए खोला गया स्ट्रांग रूम**

टीकमगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-06 के लिए जिला मुख्यालय टीकमगढ़ स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से 25 अप्रैल 2024 को मतदान दल रवाना हुए। मतदान सामग्री का वितरण जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र के लिए किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा तथा अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों की उपस्थित में गुरूवार सुबह से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाये गये स्ट्रांग रूम को खोला गया।

**बांटी गई मतदान सामग्री रवाना किए वाहन**

लोकसभा निर्वाचन-2024 लोकसभा संसदीय क्षेत्र-6 टीकमगढ़ के लिए 25 अप्रैल को पॉलीटेक्निक कॉलेज टीकमगढ़ से विधानसभावार एवं मतदान केंद्रवार टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान सामग्री का किया जा रहा वितरण। मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री प्राप्त कर उसका मिलान करते हुए संबंधित दलों को इस सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान कार्य से संबंधित समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे जो यहां की पूरी व्यवस्थाओं व सामग्री की निगरानी करते हुए नजर आए और यहां सुरक्षा व्यवस्था भी काफी रही।

**सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा**

सामान्य प्रेक्षक येदुल्ला विजय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-6 टीकमगढ़ के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का लिया जायजा।

## रेल यातायात पूर्ण रूप से हुआ बंद, यात्री हुए परेशान, घटना के बाद जांच टीम गठित

# अंबेडकर नगर एक्सप्रेस के पावन इंजन के पेंटों से ओएचई लाइन टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

बीना-झांसी रेलवे टैक पर धौरी एवं धौर्रा रेलवे स्टेशन के बीच बुधवार एवं गुरुवार की दरमियानी रात अंबेडकर नगर एक्सप्रेस के पावर इंजन के पेंटों से ओएचई लाइन टूट गई। जिससे अप और डाउन लाइन बंद हो गई, जिससे रेल यातायात पूर्ण रूप से बंद हो गया। जिससे रेलवे स्टेशन पर यात्रा करने तैयार खड़े यात्री और ट्रेनों में सफर कर रहे यात्री परेशान हुए। घटना किस विभाग की लापरवाही से हुई है रेलवे के द्वारा टीम गठित कर जांच की जा रही है।

जानकारी अनुसार ट्रेन नंबर 14116 डॉक्टर अंबेडकर नगर एक्सप्रेस बुधवार की रात झांसी से बीना की ओर आ रही थी। तभी रात करीब पौने 1 बजे धौर्रा और जाखलौन रेलवे स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर किमी नंबर 1019 एवं 1020 के बीच में ट्रेन में लगे इंजन के पेंटों से ओएचई लाइन टूट गई। जिसकी सूचना लगते ही बीना, बबीना, तालबेहट एवं ललितपुर की टॉवर बेगन मौके पर पहुंची। बीना से एसएसई एमआई खान एवं ऐसएसई राहुल गोयल अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर टॉवर बेगन के साथ पहुंचे। मौके पर पहुंचकर रेल कर्मचारियों ने मरम्मत सुधार कार्य शुरू किया जो करीब 8.30 घंटे तक चलता रहा। सुधार कार्य सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर पूरा हुआ। इस घटना से दोनों दिशाओं की करीब दो दर्जन से अधिक ट्रेनें 3 घंटे से लेकर 13 घंटे तक लेट चली। वहीं कुछ ट्रेनों को मार्ग बदलकर चलाया गया। महामना एवं ललितपुर बीना के बीच चलने वाली मेमू एक्सप्रेस को निरस्त करना पड़ा।


## रेलवे कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त ओएचई लाइन को सुधारा

**महामना एवं मेमू हुई कैंसिल-** बड़ी संख्या में ट्रेनें लेट होने के अलावा ट्रेन नंबर 22163 एवं 22164 महामना एकसप्रेस एवं ट्रेन नंबर 01819 एवं 01820 ललितपुर बीना ललितपुर मेमू को रेलवे के द्वारा कैंसिल करना पड़ा। बीना में एक घंटा खड़ी रही सचखंड एक्सप्रेस- ट्रेन नंबर 12715 सचखंड एक्सप्रेस बीना रेलवे स्टेशन पर करीब एक घंटा खड़ी रही। यह ट्रेन स्थानीय रेलवे स्टेशन पर 8.28 बजे आई थी। जो 9.21 बजे बीना स्टेशन से आगामी स्टेशन के लिए रवाना हुई। ट्रेन के लगातार खड़े रहने के कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ा।

**यात्री हुए परेशान-** ओएचई टूटने के कारण अप और डाउन दोनों लाइन बंद हो गई। जिस कारण दिल्ली- मुंबई मार्ग बंद हो गया। ट्रेनें जहां चल रही थी वह वहीं रोक गई। कुछ ट्रेनें स्टेशनों पर रूकी रही तो कई ट्रेनें बीच में ही खड़ी रही। ट्रेनें रूकने के कारण ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्री गर्मी से परेशान होते। खासकर बच्चें और महिलाएं परेशान रही।








**अप लाइन की यह ट्रेनें हुई लेट-** दिल्ली की ओर से आने वाली अप लाइन में करीब 2 दर्जन से अधिक ट्रेनें लेट हुई। जिसमें मुख्य रूप से ट्रेन नंबर 12626 केरला एक्सप्रेस 6.50 मिनट, ट्रेन नंबर 22130 तुलसी एक्सप्रेस 8.25 घंटे, ट्रेन नंबर 12528 कर्नाटक एक्सप्रेस 6 घंटा, ट्रेन नंबर 12533 पुष्पक एक्सप्रेस 5.45 मिनट, ट्रेन नंबर 12622 तमिलनाडू एक्सप्रेस 6.15 मिनट, ट्रेन नंबर 12920 मालवा एक्सप्रेस 9.05 मिनट, ट्रेन नंबर 12754 नादेड़ एक्सप्रेस 7.18 मिनट, ट्रेन नंबर 12184 प्रतापगढ़ एक्सप्रेस 5.15 मिनट, ट्रेन नंबर 11058 पठानकोट एक्सेस 6.55 मिनट, ट्रेन नंबर 12722 सदन एक्सप्रेस 8 घंटा, ट्रेन नंबर 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 5.40 मिनट, 11078 झेलम एक्सप्रेस 12.38 मिनट, 12156 पौने 5 घंटें, 22467 पौने 8 घंटे सहित अन्य ट्रेनें लेट चली।

**डाउन लाइन में यह ट्रेनें हुई लेट** ट्रेन नंबर 12492 श्रीधाम एक्सप्रेस 5.45 मिनट, ट्रेन नंबर 12617 मंगला एक्सप्रेस 4.50 मिनट, ट्रेन नंबर 12598 अंत्तोदय एक्सप्रेस 4.56 मिनट, ट्रेन नंबर 12625 केरला एक्सप्रेस 4.38 मिनट, ट्रेन नंबर 01025 बलिया एक्सप्रेस 4.40 मिनट, ट्रेन नंबर 12107 सीतापुर एक्सप्रेस 3.04 मिनट, ट्रेन नंबर 12715 सचखंड एक्सप्रेस 3.45 मिनट सहित अन्य ट्रेनें लेट चली।

**बीना में इंजन की हो रही जांच-** पेंटों के टूटने के बाद ट्रेन में दूसरे पावर इंजन को लगाकर बीना की ओर रवाना किया। जिसे बाद में क्षतिग्रस्त पेंटों वाले पावर इंजन को स्थानीय स्टेशन पर काट कर अलग किया गया। वहीं लगाए गए दूसरे पावर इंजन से ट्रेन को आगामी स्टेशन के लिए रवाना किया गया। वहीं खराब इंजन की स्थानीय स्टेशन पर जांच कर घटना किस कारण हुई। किस विभाग की गलती से यह घटना हुई है उसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले की संपूर्ण स्थिति सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### 5 करोड़ रुपए लागत से शिवपुरी रोड पर बन रहा बहुमंजिला भवन

# नए भवन में पहुंचेगी नपा,तो शहर पर कम होगा यातायात का दवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तकनीकी दृष्टि से यातायात समस्या के लिए लाइलाज घोषित हो चुके शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को नगर पालिका का नया भवन (शहर से बाहर) बनने के बाद कुछ हद तक कम करने में मदद मिलेगी। फिलहाल जहां बीच बाजार में नगर पालिका भवन बना हुआ है वहां हितग्राहियों की भीड़ के कारण बाजार में जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है। नगर पालिका के लिए नया भवन निर्माण का काम इन दिनों तेजी से चल रहा है।

शहर के बीचो-बीच स्थित 100 साल पुराने नगर पालिका भवन को नए भवन की दरकार थी। जिसके लिए सरकार से मिले 5 करोड रुपए अनुदान से नगर पालिका परिषद ने शिवपुरी रोड एफसीआई गोदाम के सामने सर्व सुविधा युक्त नया भवन बनाने का काम शुरू भी कर दिया है। यह भवन दो मंजिला होकर सर्व सुविधा युक्त होगा। भवन के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग व्यवस्था, आने वाले हितग्राहियों के आराम के लिए वेटिंग रूम तथा पार्क निर्माण इत्यादि भी विकसित किए जाएंगे। हितग्राहियों और कर्मचारियों के लिए तो यह भवन सुविधा युक्त होगा ही साथ ही नए भवन में नगर पालिका शिफ्ट हो जाने के बाद बाजार से यातायात का भार भी कम होगा। ज्ञात हो कि इस समय शहर के बीचों बीच नगर पालिका भवन संचालित है जहां पर आने वाले हितग्राहियों के कारण बाजार में यातायात व्यवस्था गड़बड़ाती रहती है।



### टेलीफोन एक्सचेंज का विवाद भी अंतिम दौर में

नगर पालिका और टेलीफोन एक्सचेंज के बीच के जय स्तंभ पर बने वाचनालय भवन का विवाद भी अब समझौता के आधार पर हल होने ही वाला है। दरअसल इस मामले में दोनों ही पक्षों ने भवन को खाली करने के लिए कोर्ट में सहमति पत्र दाखिल कर दिए हैं। दूर संचार विभाग से यह भवन नगर पालिका को हैंडोवर करने के बाद नगर पालिका की यहां पर शॉपिंग मॉल बनाने की योजना है अगर नगर पालिका शॉपिंग मॉल के साथ-साथ ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग व्यवस्था विकसित करती है तो शहर में पार्किंग स्थल की कमी दूर हो सकती है।

### पुराने भवन का सदुपयोग कर मिल सकती है समस्या से निजात

अपने नए भवन में नगर पालिका शिफ्ट हो जाने के बाद पुराना भवन अनुपयोगी हो जाएगा। इस भवन का उपयोग अगर नगर पालिका परिषद समझबूझ से करेगी तो शहर में पार्किंग व्यवस्था की समस्या भी कम हो सकती है। दरअसल बाजार में पार्किंग नहीं होने की वजह से लोगों को अपने वाहन बाजार में ले जाने पड़ते हैं और वाहनों को दुकानों के आगे खड़े कर देने से यातायात बाधित होकर रोज जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। नगर पालिका नए भवन में पहुंच जाने के बाद पुराने भवन का उपयोग बहु मंजिला शॉपिंग मॉल के साथ पार्किंग स्थल के रूप में किया जा सकता है अगर ग्राउंड फ्लोर पर तल पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए तो शहर में पार्किंग की आ रही समस्या कुछ हद तक काम हो सकती है।

### इनका कहना

फिलहाल नया भवन निर्माणाधीन है। भवन का काम समय सीमा में गुणवत्ता युक्त हो इस पर ध्यान केंद्रित किया हुआ है। नगर पालिका नए भवन में शिफ्ट होने के बाद पुराने भवन का उपयोग किस तरह करना है यह निर्णय परिषद को लेना है।

**सतीश मटसेनिया**
**सीएमओ श्योपुर**

# जलालपुरा चैकिंग नाके पर दो लोगों से एक लाख 73 हजार रुपए जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राजस्थान से सटे जलालपुरा पर लगे चैकिंग नाके पर चैकिंग के दौरान एसएसटी टीम ने दो लोगो से एक लाख 73 हजार रूपए जब्त किए है। दोनों लोग इन रूपयों के संबंध में केई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करवाए थे। जिसकारण एसएसटी टीम ने इन रूपयों को जब्त कर लिया है। देहात थाने के सहायक उप निरीक्षक धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि बुधवार को नायब तहसीलदार केके शर्मा के नेतृत्व में एसएसटी टीम यहां जलालपुरा नाके पर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। चैकिंग के दौरान अर्जुन मीणा पुत्र नेमीचंद मीणा निवासी सरीपुरा राजस्थान के पास 64 हजार रूपए मिले। लेकिन वह इन रूपयों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। जबकि श्योपुर निवासी जाहिद पुत्र जल्ला खान के पास से तलाशी के दौरान एक लाख 9 हजार रूपए मिले है। मगर वह भी कोई वैध दस्तावेज इन रूपयों के संबंध में प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसकारण दोनों की राशि एक लाख 73 हजार रूपए को जब्त कर लिया गया है।

### इधर बाढ करीरियादेह चैकिंग नाके पर जब्त हुए 2 लाख 34 हजार रुपए

राजस्थान बॉर्डर पर बने बाढ करीरियादेह चैकिंग नाके पर एसएसटी टीम ने चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो लोगो से 2 लाख 34 हजार रुपए की राशि जब्त की है। बताया गया है कि एसएसटी टीम बाढ करीरियादेह चैकिंग नाके पर जब वाहनों की चैकिंग कर रही थी,तभी बाइक सवार दो लोगों के पास से 2 लाख 34 हजार रूपए जब्त किए गए। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने नाम नरेश पुत्र रामलाल मेहता तथा सौरभ पुत्र कमल वैष्णव निवासी बेहटा थाना शाहबाद जिला बारां राजस्थान बताया है। लेकिन उन्होंने इन रूपयों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। जिसकारण राशि को जब्त कर लिया गया।

### सम्मेलन समिति का हुआ गठन, शुरू हुई तैयारियां

# जोड़ाखेड़ली में होगा योगी नाथ समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



श्योपुर विकासखंड के ग्राम जोड़ा खेड़ली में आगामी 21 मई को योगी नाथ समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए समिति का गठन हो गया है और तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। सर्व सम्मति से गठित की गई सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी योगी मंशाराम नाथ को दी गई है। जबकि योगी राजेन्द्र नाथ, योगी योगेश नाथ आचार्य रहेगे। समिति के मुताबिक समाज में शादी विवाह के नाम पर होने वाली फिजूल खर्ची को रोकने और सामाजिक समरसता लाने तथा बाल विवाह रोकने के लिए इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नाबालिग जोडो को नहीं लिया जाएगा। सम्मेलन में शामिल होने वाले जोड़ों से पंजीयन शुल्क के रूप में 25 हजार रूपए की राशि ली जाएगी। जो वर और वधु पक्ष को आधी आधी जमा करनी होगी। एक पिता की दो संतान होने पर समिति की ओर से पंजीयन शुल्क में एक हजार रूपए की छूट दी जाएगी।

### मलेरिया मुक्त श्योपुर के संकल्प के साथ मनाया मलेरिया दिवस

# अभी तो बस अंगड़ाई है मच्छरों को हराने आगे और लड़ाई है: डॉ बिंदल



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अभी तो यह अंगड़ाई है मच्छरों को हराने के लिए अभी और लंबी लड़ाई है। यह नारा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल ने विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में मैदानी अमले को संबोधित करते हुए दिया।

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आयोजित हुई कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ बिंदल ने अभियान से जुड़े कार्यकर्ता खासकर आशा उषा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभी तक हमने मलेरिया की रोकथाम के लिए जो उपाय किए हैं वह कारगर साबित हुए हैं लेकिन अब हमारे सामने गंभीर समस्या बारिश के बाद आने वाली है जैसे ही बारिश होगी वैसे ही मच्छरों का प्रकोप भी अधिक हो जाएगा। इसलिए हमें अब और अधिक शक्ति समेट कर इस अभियान में शामिल होने की जरूरत है। जिला चिकित्सालय श्योपुर में जिला स्वास्थ्य समिति एनवीबीडीसीपी एंव फैमिली हैल्थ इंण्डिया की एम्बेड परियोजना द्वारा संयुक्त रूप से स्टॉल लगाकर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाते हुये मलेरिया मुक्त श्योपुर की शपथ भी दिलवाई गई एंव संकल्प हस्ताक्षर अभियान में स्वास्थ्य विभाग, एम्बेड परियोजना का स्टॉफ व अस्पताल में आ रहे मरीज एंव अन्य व्यक्तियों के हस्ताक्षर करवाकर संकल्प दिलवाया। जिला मलेरिया अधिकारी डा एसएन बिन्दल एंव फैमिली हैल्थ इंण्डिया के जिला समन्वयक पुनीत शर्मा ने मच्छर से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारिया दी। इस अवसर पर एम्बेड टीम द्वारा मलेरिया उन्मूलन के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाली आशाओं को पुरष्कृत किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, जिला मलेरिया अधिकारी एंव टीम, साथ ही एम्बेड जिला समन्वयक पुनीत शर्मा के साथ ब्लॉक कार्डीनेटर विपिन आचार्य उपस्थित रहे।

### डीईओ ने कलेक्टर से मांगा मार्गदर्शन

# खंड शिक्षा अधिकारी के डीडीए पावर को लेकर फाइल कलेक्टर के पाले में

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पीएससी सिलेक्ट ऑफिसर मधु शर्मा को विकासखंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौंपने के बाद से ही विकासखंड के शिक्षकों की वेतन समस्या उत्पन्न हो गई है। दरअसल इस पद पर पदस्थ हुई मधु शर्मा फिल्हाल परिवीक्षा अवधि में होने के कारण उन्हें डीडीओ पावर (आहरण वितरण अधिकार) नहीं होने से विकासखंड के सैंकड़ों शिक्षकों कर्मचारियों का वेतन निकालने की समस्या आन खड़ी हुई है। अब इस समस्या से निपटने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र तोमर ने कलेक्टर लोकेश कुमार से मार्गदर्शन मांगा है। अब इस मामले में कलेक्टर क्या निर्णय लेते हैं इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

मध्य प्रदेश सरकार ने नवाचार करते हुए शिक्षा विभाग में पहली बार पीएससी सिलेक्ट ऑफीसरों को नियुक्ति दी है। अभी तक पीएससी सिलेक्ट ऑफिसर डिप्टी कलेक्टर या इसी तरह के समकक्ष अधिकारी बनाए जाते थे लेकिन सरकार ने शिक्षा विभाग के लचर ढर्रे को सुधारने के गरज से अब पीएससी सिलेक्ट ऑफीसरों को शिक्षा विभाग में सहायक संचालक बनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में मधु शर्मा का चयन भी सहायक संचालक के रूप में हुआ था पर जिले में इस पद पर


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Bhopal Sagar Bhoomi - 25 Apr 2024 - Page 3
...गत बीईओ को नहीं डीडीओ पा...
...क सकता है शिक्षकों का वेत...
ये हो सकती है वैकल्पिक व्यवस्था

यश जैन पहले ही पदस्थ किए जा चुके हैं। जिसके चलते मधु शर्मा को विकासखंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौंपा गया। हालांकि पीएससी सिलेक्ट ऑफिसर को इस पद पर बैठाकर प्रशासन ने पद की गरिमा बढ़ाने का काम ही किया लेकिन परिवीक्षा अवधि में होने के कारण समस्या यह हो गई कि उनके पास डीडीए पावर नहीं दिए जा सकते हैं। ज्ञात हो कि खंड शिक्षा अधिकारी को वेतन निकालने की जिम्मेदारी होती है उनके हस्ताक्षर से ही वेतन निकाला जाता है। पीएससी सिलेक्ट अधिकारी होने के बावजूद वे वेतन पत्रको पर हस्ताक्षर नहीं कर सकतीं हैं। अब इस समस्या से निजात कैसे मिले

### कलेक्टर दे सकते हैं गर्ग को निर्देश

सूत्रों की माने तो मधु शर्मा खंड शिक्षा अधिकारी बनी रहेंगी लेकिन वेतन आहरण वितरण के की जिम्मेदारी तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग को सौपी जा सकती है। अनुभवी एमएल गर्ग के कार्यकाल में जिस तरह कर्मचारियों को माह की पहली तारीख पर वेतन मिलता रहा उससे कलेक्टर भी उनके कार्य प्रणाली से संतुष्ट होकर उन्हें डीडीए पावर दे सकते हैं। पर क्या एमएल गर्ग बीईओ के प्रभार से मुक्ति के बाद डीडीए पावर लेंगे इसमें भी कर्मचारियों की राय अलग अलग है।

### इनका कहना

डीडीए पावर के लिए कलेक्टर साहब के पास फाइल भेज दी है। वही निर्णय करेंगे कि मधु शर्मा के खंड शिक्षा अधिकारी रहते हुए उनके सहयोग के लिए किसे डीडीए पावर दिया जाए।

**रविंद्र सिंह तोमर**
**डीईओ श्योपुर**

वरिष्ठ अधिकारी जैसे निर्देश देंगे उन निर्देश की पालना की जाएगी फिलहाल मुझसे डीडीए पावर के बारे में कोई संवाद या सीनियर अधिकारियों की ओर से नहीं हुआ है।

**एमएल गर्ग**
**तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी**

इस संबंध में डीईओ ने कलेक्टर से मार्गदर्शन मांगा है।

# कोतवाली पुलिस ने तस्कर को दबोचा 1 किलो 200 ग्राम गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अवैध नशा कारोबार के खिलाफ श्योपुर पुलिस द्वारा चलाए गए धरपकड अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर को दबोचने में सफलता हांसिल की है। गांजा तस्कर के कब्जे से कोतवाली पुलिस ने एक किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। कोतवाली टीआई योगेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि बुधवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक गांजा तस्कर गल्ला मंडी तिराहा खातौली रोड पर खडा है। जिसके पास गांजा है। इस सूचना पर कोतवाली थाने से एक पुलिस टीम को तत्काल कार्रवाई के लिए भेजा गया। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान से कोतवाली पुलिस ने आरोपी प्रेमशंकर पुत्र प्रहलाद सोलंकी निवासी सलापुरा श्योपुर को अरेस्ट कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जिसकी बाजारू कीमत 12 हजार रूपए के आसपास है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।


### इंसान और मवेशी धूप से बचने तलाश रहे पेड़ की छांव

# गर्मी का प्रकोप शुरू होते ही समझ में आने लगा पेड़ों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पेड़ों का मानव जीवन में क्या महत्व है इन दिनों वहां देखा जा सकता है जहां पेड़ लगे हुए हैं। भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए इंसान और जानवर पेड़ों की छांव तलाश कर रहे हैं। पेड़ों का जीव जंतुओं के जीवन में क्या महत्व है इस संबंध में हरिभूमि ने दो अलग-अलग स्थान पर फोटो क्लिक किए हैं। इनमें से एक फ़ोटो ईदगाह रोड का है जहां मवेशी दोपहरी की धूप से बचने के लिए बमूल के पेड़ की छांव में बैठी है तो दूसरा फोटो शहर के बीच राम तलाई हनुमान मंदिर के पास पीछे एक नीम के पेड़ के नीचे का है, यहां गर्मी की शिद्दत से बचने के लिए ग्रामीण पेड़ की छांव तलाशते हुए बैठे देखे जा रहे हैं।





### राजस्थान में हुआ हादसा, श्योपुर के दो गांवों में शोक की लहर

# संतान की चाह में माताजी ढोकने जा रहे पति-पत्नी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के मानपुर थाना क्षेत्र स्थित हरनामचंद का डेरा निवासी पति-पत्नी की बीती शाम को राजस्थान के चंदवाजी थाना क्षेत्र में अजमेर बाइपास एक्सप्रेस हाइवे पर एक सडक हादसे के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। इनकी बाइक तब हाइवे किनारे खडे ट्रेलर में घुस गई, जब ये दोनों पति पत्नी संतान की चाह में माताजी ढोकने के लिए जा रहे थे। हादसा इतना दर्दनाक था कि बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे की खबर से श्योपुर जिले के दो गांव हरनामचंद का डेरा और बगदिया में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

जानकारी के मुताबिक मानपुर थाना क्षेत्र स्थित हरनामचंद का डेरा निवासी 25 वर्षीय युवक संदीप पुत्र दयाल सिंह राजपूत काफी दिनों से जयपुर में अपने परिवार के साथ रहता है और वहां कबानी मिस्त्री का काम करता है।

बुधवार को संदीप राजपूत अपनी पत्नी शारदा के साथ राजस्थान में ही स्थित एक माताजी को ढोकने के लिए जा रहा था। जब इनकी बाइक अजमेर बाइपास एक्सप्रेस हाइवे पर थी, तभी इनका अचानक संतुलन बिगडा और इनकी बाइक हाइवे किनारे खडे ट्रेलर में पीछे से घुस गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार संदीप राजपूत 25 वर्ष और उसकी पत्नी शारदा 23 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से जहां मृतक के परिजन और ससुरालीजन शोक में डूब गए, वहीं हरनामचंद का डेरा और बगदिया में भी शोक की लहर व्याप्त हो गई है। बता दें कि मृतक का गांव हरनामचंद का डेरा है और उसकी ससुराल बगदिया गांव में है।



### मातापिता का बड़ा बेटा था संदीप,परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

राजस्थान के कोटपुतली जिले के चंदबाजी थाना क्षेत्र में घटित हुए इस सडक हादसे में अपनी जान गंवाने वाला संदीप राजपूत अपने माता पिता का सबसे बडा बेटा था। बता दे कि संदीप राजपूत आपस में तीन भाई बहन है। संदीप से छोटा एक भाई और बहन है। घर में सबसे बडा और समझदार होने के कारण संदीप सबका लाडला था। इसलिए परिवार के लोग भी चाह रहे थे कि संदीप और उसकी पत्नी के जल्द ही संतान हो जाए। इसके लिए वह भी समय समय पर भगवान से प्रार्थना करते थे। जैसे ही परिवार के लोगो ने संदीप और बहू शारदा की मौत होने की खबर सुनी, उनकी आंखो से आंसू थमने का नाम नहीं रहे है। इधर हरनामचंद का डेरा में रहने वाले संदीप के परिवार के लोगो और बगदिया में रहने वाले शारदा के परिवार के लोग भी गमगीन बने हुए है।

### तीन साल पहले हुई थी शादी

बताया गया है कि संदीप राजपूत की शादी करीब तीन साल पहले ढोढर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बगदिया निवासी शारदा राजपूत के साथ हुई थी। शारदा के परिवार के लोग भी जयपुर के शाहपुरा में ही रहने लग गए। शादी के बाद संदीप के एक बेटी हुई। लेकिन उसका निधन हो गया। जिसकारण शारदा की गोद सूनी हो गई। इसलिए संदीप और उसकी पत्नी शारदा संतान की चाह कर रहे थे। संतान प्राप्ति के लिए संदीप को उससे ससुरालीजनों ने राजस्थान में ही एक माताजी मंदिर बताया और कहा कि सच्चे मन से इस माताजी को ढोकने से संतान की प्राप्ति अवश्य होती है। इसके बाद संदीप और उसकी पत्नी ने इस माताजी को ढोकना शुरू कर दिया। बुधवार को यह दोनो पति पत्नी जयपुर से यह सोचकर बाइक से रवाना हुए थे कि एक तो माताजी को ढोक आएंगे और फिर शाहपुरा में ससुरालवालों से मिल आएंगे। लेकिन हाइवे पर काल बनकर खडे ट्रेलर ने न सिर्फ इनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया,बल्कि इनकी जान भी ले ली।

### फरार वारंटी को गसवानी थाना पुलिस ने अरेस्ट कर कोर्ट में पेश किया

श्योपुर। वारंटियों की धरपकड के लिए चल रहे अभियान के तहत गसवानी थाना पुलिस ने एक फरार स्थाई वारंटी को दबोचकर श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। गसवानी थाना प्रभारी शिवराम कंषाना ने बताया कि लूट और डकैती के मामले में भूरा पुत्र सुरेश सिकरवार निवासी रनछोरपुरा थाना चिन्नौनी जिला मुरैना काफी दिनों से फरार बना था। जिसे गुरूवार को मुखबिर की एक सटीक सूचना पर तब दबोच लिया,जब वह बिनेगा तिराहे से होकर कहीं जा रहा था। फरार स्थाई वारंटी को दबोच कर श्योपुर विशेष न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। इस मामले में थाना प्रभारी कंषाना समेत एएसआई बृजेश शर्मा,आरक्षक जागेश्वर राजावत, दशरथ गुर्जर, मोहन आदि की अहम भूमिका रही है।



**खबर संक्षेप**

### फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत राजाराम पुत्र धन्नालाल केवट उम्र 45 साल निवासी ग्राम सिरनी ने बबूल के पेड की डंगार पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम कर शव परिवारजनों को सौंप दिया गया है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत छघरा कालोनी निवासी आरती लोधी पत्नि अक्षय लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। जिस पर से पुलिस ने अक्षय लोधी, रामचरण लोधी, सुनीता लोधी के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात बदमाश बाइक चुरा ले गए

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत स्थानीय बोहरे कालोनी निवासी सुनील पुत्र अशोक कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अशोका गार्डन के बाहर से कोई अज्ञात आरोपी उसकी बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात कार की टक्कर से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम लिधौराकला निवासी बलवीर पुत्र भगवान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात कार के चालक ने मुगावली पिपरई रोड पर मनोहर डेयरी के सामने उसके भतीजे को टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तायडे कालोनी निवासी अंसार खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजू उर्फ छोटू पुत्र पिंकी जोगी उम्र 20 साल निवासी हवेली मोहल्ला ने राजश्री नर्सिंग होम डॉक्टर मेडम को दुवारा चेकअप को बुलाने की बात पर से आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंकदरा निवासी विमलेष बाई पत्नि स्व. रघुराज यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शिवराज, शिशुपाल, रामवती, अकलवती यादव ने उससे मारपीट की। शाढौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकर कालोनी निवासी मोनू पुत्र ब्रजलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि राजकुमार अहिरवार और प्राणसिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की।

10वीं का परिणाम 43.75 जो पिछले वर्ष से 13.69 प्रतिशत कम,12वीं का 55.12 जो पिछले वर्ष से 3.37 कम रहा

# जिले में बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट बिगड़ा जवाब नहीं दे पाए शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे बुधवार शाम को घोषित कर दिए। जिसमें जिले की चार होनहार छात्राओं ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। वहीं परिणामों की समीक्षा में शिवपुरी जिले का प्रदर्शन नीचे की टॉप फाइव की सूची में दूसरे स्थान पर आया है। सीधा सा अर्थ है मप्र की सूची में दूसरे स्थान पर शिवपुरी जिले का परिणाम आया है। 2023-2024 के घोषित 10वीं और 12वीं को मिलाकर परीक्षा परिणाम 41.39 रहा है। वहीं 10वीं का परिणाम 43.75 रहा है जो पिछले वर्ष से 13.69 प्रतिशत कम है और 12वीं का परिणाम इस साल 55.12 रहा है जो पिछले वर्ष से 3.37 कम रहा है। इस प्रकार प्रदेश के जिलो की बात की जाए तो शिवपुरी जिला का 10वीं का परिणाम 51 पायदान पर है और 12वीं क्लास के परिक्षा का परिणाम 46 नंबर पर है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बोर्ड परीक्षाओं का रीजल्ट कम रहा है जब इस बारे में शिक्षा अधिकारी से बात की तो वह जवाब नही दे पाए और पूरा भार विधानसभा के चुनावों पर डाल दिया। अगर विधानसभा के चुनावो की बात की जाये तो यह तो पूरे मध्य प्रदेश में हुए थे वही मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले का परीक्षा परीणाम 80 प्रतिशत से अधिक रहा है अगर दोनों की तुलना की जाए तो शिवपुरी का रीजल्ट आधा है।

### बोर्ड परीक्षा के नतीजों में छात्राओं ने छात्रों को फिर से पीछे छोड़ा



जिले में इस बार बोर्ड परीक्षा के नतीजे पिछले साल से भले ही कम रहे हो, लेकिन छात्राएं पिछली साल की तरह इस साल भी 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में छात्रों से अव्वल रहीं। इस बार की दसवीं की परीक्षा का परिणाम 43.75 फीसदी रहा जिसमें 42.09 फीसदी छात्रों की तुलना में 46.02 फीसदी छात्राएं सफल हुई वहीं 12वीं के 55.12 फीसदी रिजल्ट में 63.99 फीसदी छात्राओं ने 48 92 फीसदी छात्रों को पीछे छोड़ दिया। इस तरह हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा दोनों के नतीजे में पिछली साल की तरह इस साल भी छात्राओं का बोलबाला रहा।

### प्रदेश की टॉप 10 सूची में 3 सरकारी स्कूलों की छात्राएं

जिला परीक्षा प्रभारी वत्सराज राठौड़ ने बताया कि पिछले साल की तरह इस साल भी जिले के शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में जगह बनाई जिसमें जिले से 4 टॉपरों में 3 शासकीय सरकारी स्कूलों की छात्राएं शामिल हैं। वहीं जिले से सिर्फ एक छात्रा ने अशासकीय स्कूल से अध्ययन कर प्रदेश की टॉप 10 सूची में जगह बनाई है। प्रदेश की टॉप-10 सूची में आने वाली यह छात्राएं रानी यादव जिला उत्कृष्ट विद्यालय से अनामिका शर्मा, शास.उमावि धौलागढ़ से अनामिका शर्मा व शासकीय उमावि भौती की ईशु साहू शामिल है जबकि असासकीय विद्यालय रनगढ़ रेनबो से सिर्फ काव्या सोनी ने दसवीं में टॉप 10 में स्थान हासिल किया है।

### 12वीं का 3.37 फीसदी तो दसवीं का 13.69 फीसदी घटा रिजल्ट

जिले के इस बार के बोर्ड परीक्षा के नतीजों को देखा जाए तो इस बार जिले का 12वीं का परीक्षा परिणाम 55.12 फीसदी रहा जो कि पिछले साल के 58.49 फीसदी से 3.37 फीसदी कम है। इसी तरह दसवीं के नतीजों में इस बार का रिजल्ट 43.75 फीसदी रहा है जो कि पिछले साल के 57.44 फीसदी रिजल्ट से 13.69 फीसदी कम है। इस तरह जिला इस बार प्रदेश में दसवीं में 51वें पायदान पर तो 12वीं में 47 वे पायदान पर रहा जबकि पिछले साल प्रदेश के पटल पर 10वीं में शिवपुरी 46वें स्थान पर और 12वीं में दसवें स्थान पर था।

## 10वीं में अवधि जैन, पिंकी कुशवाह रहीं जिले में टॉप

जिला परीक्षा प्रभारी वत्सराज राठौड का कहना है कि इस बार के बोर्ड परीक्षा के नतीजों में हाई स्कूल में बाल शिक्षा निकेतन की अवधि जैन 484 अंक प्राप्त कर जिले में टॉपर रहीं, वहीं एसएनबी पब्लिक स्कूल की छात्रा दीप्ति रावत व गुरु कृपा स्कूल कालामढ़ बैराड़ के रंजीत प्रजापति ने 482 अंक हासिल कर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया।

जबकि बाल शिक्षा निकेतन की सिद्धि कुशवाह, सेंट जॉन्स करेरा की सृष्टि गुप्ता, राइजिंग पब्लिक स्कूल बैराड़ की महक पाराशर व मॉडल स्कूल पोहरी के कान्हा शर्मा 480 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह 12वीं में गणित संकाय में शासकीय कन्या उमा भी पुरानी शिवपुरी की पिंकी कुशवाहा ने 479 अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं उत्कृष्ट विद्यालय शिवपुरी की काव्या श्रीवास्तव ने बायोलॉजी में 477 अंक हासिल कर द्वितीय, किस्मतराज कंथारिया जिला उत्कृष्ट विद्यालय व शासकीय हाई स्कूल सेंवड़ा के रौनक शर्मा ने गणित में 476 रन हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि कला संकाय में मॉडल स्कूल शिवपुरी के राहुल भारती ने 474 अंक से प्रथम, शैलेंद्र सिंह सोलंकी मॉडल खनियाधाना व उमावि धौऊलागढ़ की हिमानी धाकड़ 470 अंकों के साथ जिले में दूसरे स्थान पर रही। इसी तरह बाल शिक्षा निकेतन की लक्ष्मी भोला 471 अंकों के साथ वाणिज्य संख्या में अव्वल रही वहीं कृषि संकाय में भारतीय विद्यालय की सलोनी भाटी ने 468 अंक हासिल कर प्रथम व होम साइंस में कन्या उमावि पिछोर की राधा जाटव ने 433 अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान बनाया।

### पिछले 5 सालों में ऐसे घटा जिले का रिजल्ट का आंकड़ा

| 10वीं का रिजल्ट सत्र परीक्षा परिणाम | 12वीं का रिजल्ट सत्र परीक्षा परिणाम |
|---|---|
| 2019-20 57.60 | 2019-20 78.49 |
| 2020-21 100 | 2020-21 100 |
| 2021-22 60.70 | 2021-22 81. 24 |
| 2022-23 57.44 | 2022-23 58.49 |
| 2023- 24 43.75 | 2023-24 55.12 |

### सीधी बातचीत जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर से



**सवाल :** सर इस बार परीक्षा का परिणाम कम रहा है इसका क्या कारण है। जवाब इस बार दो तीन कारणों से रिजल्ट अच्छा नहीं आया है। पहला विधानसभा चुनाव के कारण परीक्षा जल्दी करा दी थी। दूसरा इस बार कोर्सो में भी चेकिंग हुई थी। सवाल सर कोर्सो में तो इससे पहले भी चेकिंग होती रही है। इस सवाल पर कोई जवाब नहीं दिया। तीसरा कारण इस बार हमने परीक्षा केंद्रों पर नकल को नहीं होने दिया। सवाल सर क्या माना जाए कि इससे पहले जो रिजल्ट आए हैं उनमे नकल होती थी। इस सवाल पर भी कोई जवाब नहीं दिया।

## महाविद्यालय में जिला स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**अशोकनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में बुधवार को जिला स्तरीय अन्तर्महाविद्यालयीन प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय भारतीय एवं विश्व लोकतंत्र और लोकसभा निर्वाचन था।

प्रतियोगिता में जिले के 9 महाविद्यालयों की 47 टीमों ने सहभागिता की जिनमें से अंतिम चरण के लिये 6 टीमों का चयन किया गया। प्रश्नमंच का संचालन डॉ. शालिनी राय एवं विशाल नरवरिया द्वारा किया गया। अंतिम चरण के प्रश्नमंच में शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी की टीम ने प्रथम स्थान, शासकीय महाविद्यालय शाढौरा की टीम ने द्वितीय स्थान एवं शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन द्वारा प्रतिभागियों को विद्यार्थी जीवन में असफलताओं से सीखने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि असफलताओं से घवराना बिलकुल नहीं चाहिए। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के प्राचार्य डॉ. एएस लहरिया द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने दायित्व पहचानने एवं मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। गौरीशंकर गुप्ता द्वारा कार्यक्रम में मतदान जागरूकता गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम में दर्शकदीर्घा हेतु भी प्रश्न रखे गये एवं सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया जिसका सम्पूर्ण व्यय सोनू जैन, गौसेवक एवं समाजसेवी तथा अमिता सेठी, समाजसेवी एवं मोबाईल पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा वहन किया गया। कार्यक्रम में राज्य एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर का समस्त स्टॉफ, जिले के अन्य महाविद्यालयों से पधारे हुये स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं ने निकाला चल समारोह

## नगर में हनुमान जन्मोत्सव प्रभात फेरी निकालकर मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में जगन्नाथ स्वामी मंदिर मलखवानी बावड़ी से प्रभात फेरी का चल जलूस निकाला गया जो नगर के पोस्ट ऑफिस चैराहे ,टॉकीज रोड, विद्यार्थी चैराहा ,गायत्री मंदिर चैराहा से श्री रामलीला मंच से होता हुआ वापस श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर पर महाआरती कर प्रसाद वितरण कर श्री राम जी एवं हनुमान जी के जयकारों के साथ समापन किया गया जिसमें भक्तों द्वारा प्रभात तेरी के समय श्री राम धुन ओर हनुमानजी के जयकारों पर भजन करते हुए इस प्रभात फेरी में शामिल रहे तो वही लोगों द्वारा अपने घर, ओर प्रतिष्ठानों के सामने रंगोली बनाकर प्रभात तेरी में निकले नगर भ्रमण को श्री हनुमान जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया एवं नगर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसाद चढ़ाने के लिए भीड़ देखी गई जिसमें श्री हनुमान जी को भोग स्वरूप लोगों ने मगध के लड्डू एवं चना चिरौंजी और गुड़ से हनुमान जी के जन्म उत्सव को पर प्रसाद चढ़ाया।

## हम्मालों ने कृषि उपज मंडी बंद करने का निर्णय लिया वापस



**अशोकनगर।** एक दिन पहले कृषि उपज गल्ला मंडी मे हम्माल अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हडताल पर चले गए थे। जिसे लेकर मंगलवार की रात बैठक हुई लेकिन कोई फैसला नही हुआ। बुधवार को फिर बैठक आयोजित हुई और हम्मालों द्वारा मंडी बंद का निर्णय वापस लिया गया। नया निर्णय 10 जून को होने वाली बैठक में होगा। मंडी बंद का निर्णय वापस होने के बाद मंडी में माल लेकर पहुंचे किसानों के माल की नीलामी की गई। अब मंडी यथावत खुलेगी। स्थानीय पुरानी कृषि उपज गल्ला मंडी मे आयोजित की गई बैठक मे एसडीएम अनिल बनवारिया, अपर कलेक्टर मुकेश शर्मा, एसडीओपी विवेक शर्मा, तहसीलदार, टीआई, मंडी सचिव शिवकुमार शर्मा मंडी निरीक्षक भागीरथ अहिरवार ग्रेन मर्चेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन सचिव राजेश पालीवाली,अशोक टिंगू, पवन जैन सहित अनेक व्यापारी शामिल थे।

नपा व ट्रैफिक पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग चिन्हित की, लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका

# शहर में जाम से राहत नहीं, बैंक, मेडिकल स्टोर व हार्डवेयर वालों के पास नहीं पार्किंग की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस विभाग लगातार एक के बाद एक प्रयास करता रहा है, लेकिन व्यवस्थित रूप से आज तक इस समस्या का कोई निराकरण नहीं हो सका है। इस लिए शहर में हर रोज जाम के हालात निर्मित होते हैं। शहर के विभिन्न चौराहों पर आए दिन जाम के हालात बने रहते हैं। खास बात तो यह है कि शहर में नगर पालिका व ट्रैफिक पुलिस के द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग चिन्हित की थी, लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका है। शहर के लोगों को नए ट्रैफिक प्रभारी धनंजय शर्मा से भी कई उम्मीदे हैं लेकिन अमल हो तो काम बने। शहर में ऐसे विभिन्न स्थान हैं जो शहर में जाम के हालात निमित करते हैं। शहर में सड़क पर पार्किंग से लेकर सड़क पर वाहन खड़ा करने और बैंकों के बहार गाड़ी पार्क करने से जाम के हालात निमित हो रहे हैं, वहीं हार्डवेयर वालों ने तो फुटपाथ पर चलने वालों का हक छीन रखा है। हार्डवेयर वालों ने अपना सामान फुटपाथ पर दिया है यहां तक की उन्होंने वेट मशीन को भी फुटपाथ पर जमा रखा है। वहीं शहर में कुछ बैंकों के पास पार्किंग होते हुए थी वह उसका उपयोग नहीं कर रहे है तो कुछ के पास पार्किंग ही नहीं है। ऐसे लोगों पर न तो पुलिस विभाग चालानी कार्यवाही कर रहा है और न ही इस ओर कोई ध्यान दे रहा है।







### यहां कर रहे फुटपाथ पर कार पार्क

शहर के हृदय स्थल गुरुद्वारा चौक के पास एसबीआई बैंक स्थित है इस बैंक की कोई पार्किंग नहीं है। इस बैंक में आने वाले ग्राहक अपने वाहनों को सड़क के फुटपाथ पर ही खड़े करते हैं जिससे फुटपाथ पर चलने वाले लोगो को जगह नहीं मिलती है वही बैंक के आग कार भी पार्क होती है जिससे रोड पर गुजरने वाले बहाने को जगह नहीं मिलती है। इस रोड पर आनलाईन वालो की भी दुकान मौजूद है। उनके ग्राहक भी फुटपाथ पर ही बहानो को पार्क करते है। यहां न तो व्यवस्थित रूप से बहान पार्क होते हैं और न ही किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था है।

### झांसी चौराहा गांधी पेट्रोल पंप के सामने एसबीआई शाखा

शहर में दूसरी सबसे बड़ी एसबीआई की शाखा झांसी रोड पर गांधी पेट्रोल पंप के सामने स्थित है और यहां पर पार्किंग होने के बाद भी रोड पर ही वाहन पार्क कराते हैं। खास बात तो यह है कि स्टाफ के लोग भी अपनी गाड़ियों को फुटपाथ पर ही पार्क करते हैं। जिससे सड़क पर निकलने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। इस बैंक की पार्किंग भी मौजूद है लेकिन उस पार्किंग में ग्राहकों के वाहनों को पार्क नहीं कराया ताजा है। इस बैंक के पास शिवपुरी हार्डवेयर की दुकान भी मौजूद है जिसे दीपक गुप्ता संचालित करते हैं। बीच रोड पर टैक्टर खड़ा कर उसमे लोहे का सामान लदा जाता है। यहां हादसे को भी न्योता दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर लोगों को भी सड़क से निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पढ़ रहा है।

### मोहन मेडिकल स्टोर के सामने व नाले के पास हाथ ठेले वाले

शहर की सबसे व्यस्त रोड कोर्ट रोड पर मोहन,व शिव मेडिकल, के सामने पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर ही ग्राहक वाहन खडा कर रहे है वही इसके पास में ही नल्ले पर हाथ ठेला वाले ने सड़क पर ठेले लग रहे है। जिससे सड़क से गुजरने वाले लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पढ रहा हैं। मेडिकल स्टोर वालों पर न तो कभी चालान होता है और न ही पुलिस प्रशासन इस ओर कोई ध्यान देता है। क्योंकि कुछ लोग राजनीति से जुड़े हुए है पुलिस भी इन लोगों पर चालान नहीं करती है।

### आईसीआईसीआई बैंक के सामने झांसी चौराहा रोड

शरह के झांसी चौराहा के पास गोविन्द्र हार्डवेयर के पास स्थित आईसीआईसीआई बैंक के सामने रोड पर ही वाहन पार्क हो रहे हैं। इस बैंक के पास अपनी कोई पार्किंग नहीं है यह आने ग्राहक भी अपने वाहन को फुटपाथ पर ही पार्क करते है। यहाँ तक की स्टाफ के बाहन भी सड़क पर ही पार्क होते है। इस बैंक के सामने चार पहिया वाहन भी सड़क पर ही पार्क होते हैं।

### शहर का हृदय स्थल माधव चौक वी मार्ट शोरूम के पास

शहर के हृदय स्थल माधव चौक चौराहे पर पुलिस सहायता केंद्र को वाहन चालकों ने घेर लिया है। वी मार्ट शोरूम के बहार फुटपाथ पर ही ग्राहक अपने बहानो को खडा करते है। उसी के पास में बैंक आफ इंडिया मौजूद है इसके ग्राहक भी अपने बाहान सड़क पर ही पार्क करते हैं। जिससे ग्वालियर बायपास की ओर जाने वाले लोग व मिर्ची मार्केट जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मिर्ची मार्केट 14 नंबर कोठी के पास

शहर में मार्केट के बीचो बीच स्थित मिर्ची मार्केट 14 न. कोठी के पास सिद्धार्थ चौक मौजूद है यहा पर सड़क पर ही दुकान लगती है वही लोग अपने बहानो को सडक पर ही पार्क कर जाते है जिससे बाजार में खरीदारी करने वाले वाले लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पढता है। यहां लोग बेखौफ है जो कही पर भी अपनी गांडी पार्क कर देते हैं। जिससे मार्केंट में जाक के हालात बने रहते हैं।

### न्यू ब्लॉक चौराहा

शहर के न्यू ब्लॉक चौराहे से टेकरी बाजार में खरीदारी करने वाले लोग चौराहे पर ही अपनी गाड़ी पार्क कर देते है। वहीं आटो वाले भी चौराहे के पास में अपने बहान खड़े कर रहे हैं जिससे इस रोड से गुजरने वाले लोग निकल भी नहीं पाते है शाम होते ही रोड पर जाम के हालात हो जाते हैं। वही आर्य समाज रोड की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क पर वाहन पार्क करने से सड़क 5 फीट की रह जाती है जिससे यहां से एक एक करके वाहन निकलते हैं।

### इनका कहना है...

शहर में पार्किगं की व्यवस्था को लेकर मेरे पास पूरा प्लान है। अभी लोकतंत्र का पर्व चल रहा है इसलिए व्यस्त हैं। आगे प्लान के हिसाब से पार्किंग की व्यवस्था कर कार्यवाही भी की जाएगी।

**धनंजय शर्मा, ट्रैफिक प्रभारी शिवपुरी**